## खबर संक्षेप

### मैहर पुलिस की कार्रवाई: 83.5 लीटर शराब के 42 मामले दर्ज

**मैहर।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु चलाए गए महा अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में मैहर थाना प्रभारी अनिमेश द्विवेदी के नेतृत्व में अलग अलग जगह टीम ने दबिश देकर 37.5 लीटर देशी शराब और 46 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त कर एक दिन में रिकार्ड 42 मामले दर्ज किये है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान का आगाज

**मैहर।** केंद्र सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से खरीफ पूर्व विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत आज से की जा रही है। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा,जिसका उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों,मृदा स्वास्थ्य जागरूकता,बीज वितरण तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है।अभियान की विधिवत शुरुआत आज मैहर जिले के ग्राम पंचायत घुनवारा में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह कृषि रथ किसानों को जागरूक करने के साथ-साथ उन्नत बीजों की जानकारी भी प्रदान करेगा। इस अभियान के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### मैहर नगर पालिका के सामने खुले नाले पर गिरा बैल

**मैहर।** इन दिनों नगर पालिका हो या सीवर प्रोजेक्ट दोनों ही जनता के दुश्मन बने बैठे है,एक मामला मैहर वार्ड क्रमांक 04 पटेहरा से आज सामने आया जब गंगा प्रसाद शर्मा शिक्षक जो आज सुबह अपनी गाड़ी निकाल कर घर से बाजार की ओर निकले थे तभी सीवर लाइन के द्वारा खोदे गए गड्ढे में गाड़ी सहित गड्ढे में गिर गए जिसके कारण उनकी बाई टांग कमर के पास से हड्डी टूट गई,दूसरा मामला आज शाम नगर पालिका के ठीक सामने ही खुले नाले पर एक बैल गिर गया,बैल बाहर निकलने की आस लगाए लोगो को देखता रहा,खबर लिखें जाने तक बैल अभी भी गिरा पड़ा है,इस सीवर लाईन व नगरपालिका द्वारा खोदे गड्ढे या खुले नाले शहर वाशियों को दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं होने वाली दुर्घटनाओं से जान भी जा सकती है इसका जवाबदारी किसकी होगी क्या जब किसी की जान चली जाएगी तब प्रशासन जागेगा।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कल

**मैहर।** शहर की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था अंकुर का हर वर्ष होने वाला अखिल भारतीय कवि सम्मेलन इस बार 31 मई को सरना पैलेस में होने जा रहा है। यह संस्था का 37 वां आयोजन है। इस बार इस कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने हास्य,व्यंग एवं ग़ज़ल,गीतकार अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। इनमें प्रमुख कवि मनोहर मनोज कटनी,चंदन राय मुंबई,भालचंद्र त्रिपाठी आजमगढ़, नीलम कश्यप भिलाई, दीपक दनादन भोपाल, विशाल भौखल बाराबंकी एवं रायबरेली के नीरज पांडेय अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। कवि सम्मेलन का संचालन रायबरेली से पधारे वरिष्ठ संचालक कवि नीरज पांडेय संचालन करेंगे। स्वर्गीय राजकुमार जैन की स्मृति में आयोजित यह कवि सम्मेलन रात्रि 8.30 बजे से सरना पैलेस में प्रारंभ होगा। संस्था के संयोजक वीरेंद्र प्रताप सिंह,अध्यक्ष राम नरेश तिवारी,सचिव राजललन मिश्रा एवं कोषाध्यक्ष संजय जैन ने मैहर एवं आस-पास की काव्य प्रेमी जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर काव्य पाठ का आनंद लें एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## कमजोर पड़ी नौतपा की ताकत अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज, 2 दिन आसमान में छाए रहेंगे बादल

# गरज-चमक के साथ प्री मानसून की आहट, बारिश से मिली राहत







**सतना।** गुरुवार दोपहर 12 बजे से गरज के साथ तेज आंधी-बारिश शुरू हुई। नौतपा के दिनों में हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। चित्रकूट,नागौद और उचेहरा इलाके में भी तेज हवा के साथ बारिश दर्ज की गई। जिले में गुरुवार की सुबह अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम 29 डिग्री रहा।

### सड़कों पर भरा पानी

दोपहर में आसमान में घने बादल छाए। इसके बाद तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक हुई बारिश से सड़कों पर पानी भर गया और तापमान में भी गिरावट आई। बारिश आगामी खरीफ फसलों के लिए भी शुभ संकेत मानी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिन आसमान में बादल छाए रहेंगे। रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी रहेगा। बुधवार को अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### बना हुआ है चक्रवाती घेरा

हवा में चक्रवाती घेरा बने होने तथा पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर से गुजरने के कारण जिले में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक यह प्री-मानसून एक्टीविस्ट है।फिलहाल मानसूनी वर्षा होने की कोई संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानी आरके श्रीवास्तव के अनुसार आसमान में दो-तीन दिन तक बादल छा सकते हैं। बूंदाबांदी भी हो सकती है।

### नहीं तप रहा नवतपा

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले चार दिनों से नवतपा लगा हुआ है। जिसमें सुबह से लेकर रात भर तपन के साथ भारी उमस हो रही है। हालांकि जानकारों का मानना है कि नवतपा गत वर्षों में जितना अधिक तपता था,उतनी ही अधिक वर्षा होती थी। इस बार नवतपा तप तो रहा है,किन्तु इसके साथ ही अचानक हवा में चक्रवाती घेरा बने होने के कारण बरसात हो जाने से आशंका जताई जा रही है कि बरसात गत वर्षों की तुलना में कहीं कम न हो। अचानक हुई वर्षा के कारण शहर के विभिन्न भागों में लोगों को बारिश से बचने के लिये भागते-दौड़ते देखा गया। वहीं कुछ स्थानों पर जल भराव की स्थिति भी नजर आयी। यद्यपि इससे नागरिकों को कोई परेशानी नहीं हुई। किन्तु कहा जा रहा है कि यदि लगातार तीन-चार दिन थोड़ी-थोड़ी बारिश होती रही तो फिसलन जैसी स्थिति बन सकती है।

### आंधी से कई जगह पेड़ व विद्युत पोल टूटे

उचेहरा क्षेत्र में तेज आंधी व बारिश से नागौद उचेहरा मुख्य मार्ग पर अटरा,पोड़ी,पिथौराबाद गांव में दर्जनों पेड़ गिरने से एक तरफ जहां घंटों आवागमन बाधित रहा जब स्थानीय लोग ट्रैक्टर जेसीबी के माध्यम से पेड़ हटाए तब खुला। वहीं पोड़ी के समीप डुडहा गांव में आधी के चलते एक बड़ा आम का दरख़्त कल्ली दाहिया के घर में गिरा,अटरा में शिवशंकर दुबे के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर में पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरी तरफ कई जगहों में विद्युत तार पोल टूट जाने के कारण कई गांव की विद्युत आपूर्ति ठप है। विभाग की टीम लगी हुई है।



# 54 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सतना। सिटी कोतवाली पुलिस ने 54 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने एक मोटर साइकिल भी जब्त की है। बताया जाता है कि पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन रीवा के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु चलाए गए विशेष अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा.शिवेश सिंह बघेल के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गई।**

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बिना नंबर की एक काले सिल्वर रंग की एचएफ डीलक्स नई मोटरसाईकिल में दो व्यक्ति अवैध शराब लौहरोरा से तिघरा तरफ लेकर जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर तत्काल टीम गठित कर तिघरा मोड के पास घेराबंदी की गई।तभी दोनों व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनो आरोपियों भोलू खटिक पिता छेदी बटिक उम्र 30 साल निवासी गौस्त मार्केट पुरानी बस्ती मैहर एवं रवि खटिक पिता सुरेश खटिक उम्र 19 साल निवासी चिकान मोहल्ला पुरानी बस्तीमैहर थाना मैहर जिला मैहर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मोटर सायकल मे रखे बैग में रखी 54 लीटर अंग्रेजी शराब एवं मोटर सायकिल जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों पर धारा 34(2) आवकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

सिटी कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 20 मई को फरियादिया ने थाना में रिपोर्ट कराई थी कि उसकी लड़की बिना बताए कहीं चली गई है। आस पास खोजने पर भी नही मिल रही है।फरियादिया की रिपोर्ट पर गुम इंसान कायम कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान गुमशुदा को दस्तायब किया जाकर उसके कथन लेख किए गए। गुमशुदा ने पुलिस को बताया कि गत 20 को टहलने के लिए निकली थी,तभी राजाबाबू चौधरी उर्फ अनिल चौधरी पिता राजाराम चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी संतनगर बगहा थाना सिविल लाईन और हिमलेश चौधरी उर्फ गुड्डु पिता माताप्रसाद चौधरी उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम भादे थाना सिविल लाईन आया और सफेद रंग की वैन में बैठाकर अपने घर बगहा ले गया।दोनों ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए तथा बाद में धमकी देते हुए जबलपुर लेकर गए। वहां होटल में रूककर दोनो ने शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद पीड़िता को एक ट्रेन में बैठा दिए। पीडिता ट्रेन में दादर पहुंच गई। वहां पहुंचकर अपने परिजनों को बताई। जिसके बाद पीड़िता को दस्तयाब कर थाना लाया गया और दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 70(2),137(2),3(5) बीएनएस 5/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# रामभद्राचार्य ने सेना प्रमुख से गुरु दक्षिणा में मांगा पीओके

## बोले-हमला हुआ तो पाक दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा



**सतना।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से गुरु दक्षिणा के रूप में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) मांगा है। रामभद्राचार्य ने कहा कि पाकिस्तान ने दोबारा हमला किया तो वह दुनिया के नक्शे से मिट जाएगा। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी बुधवार को पत्नी के साथ चित्रकूट पहुंचे थे। उन्होंने यहां पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य से मुलाकात की। जगद्गुरु ने कहा कि सेना प्रमुख को वही दीक्षा दी है,जो सीता माता ने हनुमान जी को लंका विजय के लिए दी थी।

### पद्मश्री डॉ.बुधेन्द्र कुमार जैन से की मुलाकात

सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी चित्रकूट स्थित तुलसी पीठ पहुंचे थे। वहां कांच मंदिर में उन्होंने दिव्यांग छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के बाद सेना प्रमुख सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट गए। यहां उन्होंने पद्मश्री डॉ.बुधेन्द्र कुमार जैन से मुलाकात की और कहा कि सेना के अधिकारियों को इस सेवा कार्य को देखकर प्रेरणा लेनी चाहिए। द्विवेदी ने भारतीय सेना की ओर से डॉ. जैन को स्मृति चिन्ह भेंट किया। साथ ही 4 प्रतिष्ठित व्यक्तियों को वेटरन अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया।

# डीपी सिंह ने संभाला सीएसपी का पदभार



**सतना।** जबलपुर से सतना स्थानांतरण पर आये नवागत सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने गुरुवार को नगर पुलिस अधीक्षक का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले सीएसपी श्री चौहान ने मैहर पहुंच कर मां शारदा के दरबार में माथा टेका। उधर सतना सीएसपी रहे महेन्द्र सिंह चौहान ने स्थानांतरण के बाद मैहर पहुंचकर गत दिवस पदभार ग्रहण किया। इसके पहले कार्यालय के कर्मचारियों ने उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

# सीवरेज लाइन के गड्ढे से और कितने लोग होंगे अपाहिज



### बरसात में सड़कों के किनारे गड्ढों से आम जनता होगी परेशान

**मैहर।** मैहर में इन दिनों विकास के नाम पर चारों तरफ सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे दिखाई दे रहे है। ऐसा ही एक मामला मैहर वार्ड क्रमांक 04 पटेहरा में आज सामने आया जिसमें बताया जा रहा है कि जब गंगा प्रसाद शर्मा शिक्षक जो प्राथमिक शाला करतहा में पदस्थ हैं सुबह अपनी गाड़ी निकाल कर घर से बाजार की ओर जाने के लिए तैयार हुए तभी सीवर लाइन के द्वारा खोदे गए गड्ढे में गाड़ी सहित गड्ढे में गिर गए जिसके कारण उनकी बाई टांग कमर के पास से पूरी तरह टूट गई एवं टूटी हुई हड्डी दूसरे अंग की तरफ घुस गई। इतने भयानक एक्सीडेंट के कारण उन्हें जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया है। इस तरह से आज शहर का हर व्यक्ति जान हथेली में लेकर घूम रहा है कब कहां एक्सीडेंट हो जाए कहा नहीं जा सकता है। जिला प्रशासन आंख मूंदे बैठा है कि मानसून दस्तक दे चुका है अगर बरसात हो गई तो तब सड़क में बने इन गड्ढों और मुरुम के कीचड़ से होने वाले हादसों से कौन बचाएगा। अभी यह हाल है कि नगर में सड़क के किनारे खोदे गए गड्ढों कब कौन सा वाहन गड्ढे में घुस जाए और गंभीर हादसा हो जाए। स्थानीय लोगों के द्वारा मांग की जा रही है कि पानी गिरने के पहले यह कार्य बंद कराकर सड़कों के गड्ढें बंद कराकर सड़क को साफ कराया जाए।

# मैहर की बहूमूल्य जमीनों पर माफिया की नजर, कांग्रेस बोली आंदोलन करेंगे

**मैहर।** मैहर नया जिला बनने के बाद विकास के द्वार खुल चुके हैं लेकिन यहां पर अंगद की पैर की तरह जमे हुए भू माफिया की नजरों में शासकीय जमीनें चुभ रही हैं जिसके चलते चालें चली जा रही है कि कैसे इन शासकीय जमीनों पर कब्जा किया जा सके। इस समय मैहर की बहुमूल्य शासकीय भूमि का मामला एक बार फिर विवादों में है।

बताया जा रहा है कि शहर के भीतर जो भूमि पूर्व में औद्योगिक उद्देश्यों के लिए दी गई थी जिनमें विशेष रूप से चूना उत्पादन के लिए थी वह अब औद्योगिक उपयोग से बाहर हो चुकी है। चूना उद्योग के अवसान के साथ ही इनकी लीज अवधि भी समाप्त हो चुकी है फिर भी इनकी नवीनीकरण की कवायदें जारी हैं। कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि इस जमीन के सामने और पुल के नीचे रखी दुकानों को विगत दिनों अतिक्रमण के नाम पर हटाने की कार्रवाई भी इस जमीन के सामने की सड़क को साफ करना था।

### बदल गया है स्वरूप

बताया जाता है कि शासन के स्पष्ट अनुदेशों के अनुसार यदि लीज पर दी गई भूमि का उपयोग-स्वरूप बदल जाता है या उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता तो उसका नवीनीकरण जनहित के विरुद्ध माना जाता है। राज्य शासन की लीज नवीनीकरण नीति (जीएडी शासनादेश क्रमांक एफ 5-6/98/1/3) के तहत यह प्रावधान है कि यदि लीज की शर्तों का उल्लंघन हुआ हो या भूमि का उद्देश्य बदल गया हो,तो उसका नवीनीकरण न किया जाए और ऐसी भूमि को शासन में पुनः वसूल कर लिया जाए। इसी नियम का हवाला देते हुए मैहर के सामाजिक और राजनीतिक चिंतकों का आरोप है कि प्रशासनिक इच्छा शक्ति के अभाव में यह भूमि अब पूंजीपतियों के हवाले की जा रही है।

### इनका कहना है-

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा है कि शासकीय भूमि को बचाना केवल कानूनी नहीं नैतिक जिम्मेदारी भी है। कांग्रेस पार्टी जनहित की इस लड़ाई को हर स्तर पर लड़ेगी और पूंजीपतियों के लिए शासनादेशों की अनदेखी नहीं होने देगी। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता पवन दुबे ने कहा है यह सिर्फ ज़मीन का नहीं,जनता के अधिकारों और आने वाले भविष्य का सवाल है। यदि लीज नवीनी करण पर रोक नहीं लगी तो जनआंदोलन होगा।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस पार्टी की जय हिंद यात्रा आज निकलेगी पन्ना में

**पन्ना।** प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार समस्त जिलोंमें ष्जय हिंद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है यात्रा को लेकर जिलेभर में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष तथा प्रभारी द्वारा जिले भर में बैठके आयोजित की जा चुकी हैं मुख्यालय पर जय हिंद यात्रा का आयोजन दिनांक 30 मई 2025 दोपहर 04.00 बजे से जिला कांग्रेस कार्यालय पन्ना से गांधी चौक तक के लिए रखी गई है जिसमें जिला प्रभारी संजय यादवपूर्व विधायक बरगी सह प्रभारी श्रीमती कल्पना वर्मा पूर्व विधायक रैगांव, सह प्रभारी राजभान सिंह, सह प्रभारी भूपेंद्र राहुल भी उपस्थित रहेंगे और सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारीगण, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ,पूर्व जिला अध्यक्ष महिला,यूथ, सेवादल, एनएसयूआई, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस ,अल्पसंख्यक कांग्रेस, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कांग्रेस, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष गण एवं समस्त पदाधिकारी गण, समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जन,एवं आप सभी से आग्रह है कि जय हिंद यात्रा। में अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जनता से सहयोग करने का अनुरोध किया है।

### मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव पन्ना पहुंचे महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर की माला अर्पण



**पन्ना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पन्ना प्रवास पर हैं उनके द्वारा पन्ना जिला मुख्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया सबसे पहले वह छत्रसाल पार्क पहुंचे जहां पर उन्होंने छत्रसाल जयंती के अवसर पर महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा पर माला अर्पण करते हुए आशीर्वाद लिया तत्पश्चात उनका स्वागत प्रणामी समाज द्वारा किया गया प्रमाण प्रणामी समाज के प्रतिनिधिमंडल में सचिव राकेश शर्मा बालकृष्ण शर्मा तिलक राज शर्मा आदि शामिल रहे मुख्यमंत्री श्री यादव को प्रणामी समाज द्वारा महाराजा छत्रसाल का छाया चित्र अर्पित किया इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद बीडी शर्मा क्षेत्रीय विधायक पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह विधायक गुनौर विधानसभा डॉ राजेश वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### छात्र सचिन राजपूत छात्र शिवांशी राजपूत को दिल्ली तक की फ्री हवाई यात्रा



**सिमरिया।** जिले के ग्राम पंचायत दनवारा में हायर सेकेंडरी स्कूल के रिजल्ट में 7 विद्यार्थियों ने 80ः के ऊपर कक्षा दसवीं में अंक प्राप्त किए हैं जिसमें छात्र-छात्राएं शामिल हैं और 12वीं में ग्राम दनवारा के रहने वाले सचिन राजपूत ने छतरपुर जिले में टॉप कर दानवारा का नाम रोशन किया है सचिन राजपूत से पूछा गया कि आपने छतरपुर जिले में टॉप किया है पन्ना जिले का नाम रोशन किया है तो सचिन राजपूत का कहना है कि हमारे ग्राम में भारतीय सेना में सूबेदार के पद मे पुष्पेंद्र तिवारी दिल्ली में पदस्थ हैं विगत तीन वर्षों से हमारे ग्राम में जन्म लेने वाली बच्चियों को पोषण आहार के लिए 5000 की राशि देते हैं साथ में दनवारा ग्राम के रहने वाले छात्र-छात्राओं को 10वीं 12वीं में 75 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले विद्यार्थियों को विगत 3 वर्षों से 10000 की राशि से पुरस्कृत करते आ रहे है हैं जब भी सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी ग्राम आते हैं तो कुछ ना कुछ प्रेरणा देकर जाते है कभी स्पोर्ट के फील्ड कभी शिक्षा से संबंधित सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी ने इस बार घोषणा की थी कि 10वीं 12वीं में 90ः से ऊपर आने वाले छात्र-छात्राओं को खाजुराहो से देल्ही फ्री हवाई यात्रा कराएंगे पुष्पेंद्र तिवारी के पहल से आत्म विश्वास बढ़ता है जिसके परिणाम स्वरूप ग्राम के बच्चों ने 10वीं 12वीं में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे उनका अच्छा भविष्य बनने के संकेत है।

---

## पन्ना नगर के ऐतिहासिक मंदिर महाराज श्री जुगुल किशोर महालोक से जोड़े जायेंगे

# बृजपुर में कॉलेज खोले जाने की सीएम ने की घोषणा

**महाराज जुगुल किशोर लोक के भूमिपूजन के साथ महाराज छत्रसाल जयंती व गौरव दिवस में सीएम ने दी कई सौगात नगर गौरव दिवस में पन्ना नगर की 15 तालाबों के जीर्णद्धार व सौदर्यीकरण कराये जाने को लेकर मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने दी सहमति**

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।





पन्ना के लिए आज का दिन इतिहासिक तो पूर्व से ही जाना जाता हैं पन्ना महाराज छत्रसाल जो यहां के साथ-साथ समूचे बुन्देलखण्ड का गौरव है। जिनकी वीरता का इतिहास बुन्देलखण्ड से लेकर समूचे देश के लिए साक्षी है। जिन्हों ने मुगलों की शासनकाल में छक्के छुड़ाये थे। इसलिए आज का दिन पन्ना नगर में गौरव दिवस को लेकर स्वयं मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में नगर गौरव दिवस मनाया गया। वहीं पन्ना के राजा माने जाने वाले महाराज श्री जुगुल किशोर लोक का भूमिपूजन के साथ-साथ कई सौगाते मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया ने आज के दिन में विकास के क्रम में जोड़ दिया। जिनमें सबसे पहले श्री जुगुल किशोर लोक को लेकर पन्ना नगर की इतिहास मंदिर सभी जोड़े जायेगें। जिससे पन्ना नगर की जो आस्था धामिक एवं पवित्र नगरी को लेकर जानी जाती है वह बेजोड़ साबित होगी। साथ ही पन्ना वालों को प्रणाम करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से जहां पन्ना की धरती को अलग बताया। सूर्यवीरों का इतिहास ऊपर तो नीचे यहां की रत्नगर्भा धरती जो हीरे उगलती है। वहीं सरकार के माध्यम से सुशासन की मिशाल बनाने की बात कही। शराब की दुकाने बंद करायेगें वहीं दूध की दुकाने बढ़ायेगें। साथ ही पन्ना को जो मेडिकल कॉलेज खोले जाने की बात कही गई थी उसका जल्द उद्घाटन करायेगें यह बात कही। इसके साथ-साथ यहां की स्वामी जगन्नाथ यात्रा (रथ यात्रा) को सरकार की पहल में जोड़ा जायेगा। साथ ही महाराज छत्रसाल के जीवन व वीरता की गांथा को पाठ्यक्रम में जोड़ने की बात कहीं। इसके साथ-साथ पन्ना से लगे हुए महज 25 किलोमीटर कीदूरी पर बृजपुर पंचायत में महाविद्यालय खोले जाने की बात कही गई है। साथ ही पन्ना नगर में जहां आज गौरव दिवस मनाया गया आज के दिन मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया ने नगर के सभी 15 तालाबों का जीर्णद्धार व सौर्दयीकरण कराये जाने को लेकर सहमति दे दी। निश्चितौर पर इन 15 तालाबो को लेकर जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर सुरेश कुमार की सोच के चलते पूर्व से ही इसकी कार्यवाही शासन की ओर भेजी जा चुकी थी। गौरतलब बात यह रही की पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने जहां विकास की सोच जिनकी जानी जाती है उन्होंने इन सभी मांगों को मंच से अपने उद्बोधन में रखा था। साथ ही अजयगढ़ अस्पताल की उन्नयन की बात भी रखी थी वहीं धरमपुर में तहसील कार्यालय खोले जाने की बात रखी थी। पर आज के दिन सरकार के मुखिया ने जिन सौगातों को दिया वह निश्चितौर से विकास के क्रम में आज महाराज छत्रसाल जयंती के दिन गौरव के दिवस के दिन में ये साक्षी बनेगी सौगातें। विकास का क्रम जारी रहेगा वहीं सीएम डॉ. मोहन यादव ने लाड़ली बहनों को दी जाने वाली राशि पांच वर्ष के अंदर 3000 रूपये देने की बात कही है। इस तरह से जहां नवतपा की भीषण गर्मी में जो प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री जी के आगमन में कार्यक्रम की तैयारी व आयोजन जो किया था प्रकृति की मेहरबानी के चलते जहां सम्पन्न कार्यक्रम जो हुआ है वह निश्चितौर पर सफल आयोजन माना जा रहा है। वहीं इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जहां प्रदेशाध्यक्ष भाजपा खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा ने भी जनता को संबोधित किया। इसके पूर्व पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में अपनी मांगे रखी विकास को लेकर इसी क्रम में माननीय मुख्यमंत्री का उद्बोधन हुआ जिन्होंने विकास की सौगाते प्रदान की है। वहीं पन्ना से गुनौर विधानसभा से विधायक डॉ. राजेश वर्मा तथा पवई विधायक प्रहलाद लोधी वहीं संगठन में भूमिका निभाने वाले मुकेश चतुर्वेदी जी साथ ही पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया की उपस्थिति इसके साथ-साथ भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति जो थी ही तथा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ-साथ जनता जनार्दन की उपस्थिति अपने जननायक को सुनने के लिए देखते ही बनती थी। इस दौरान नव दम्पत्ति जोडों का विवाह भी फूलों की वर्षा के साथ सम्पन्न हुआ।

---

# पन्ना के उत्तर वन मंडल में बाघिन की मौत

**पन्ना टाईगर रिजर्व के संचालक के द्वारा जो वनप्राणियों की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं वह एक बार फिर सवालों को जन्म दे रही है। बाघिन की मौत का मामला फिर चर्चा में।**

हरिभूमि न्यूज, पन्ना।



मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में वन्य प्राणियों के मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। उत्तर वन मंडल के देवेंद्रनगर वन परिक्षेत्र में आज एक बाघिन का शव मिला है। इस माह अब तक यहां दो तेंदुओं व एक भालू की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। अब बाघिन का शव मिलने से हड़कंप मचा हुआ है। परिक्षेत्र अधिकारी मनोज सिंह बघेल ने बताया कि बाघिन का शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे इलाके की सर्चिंग की गई है, जहां अवैध गतिविधि के कोई संकेत नहीं मिले। आपने बताया कि मृत बाघिन की मौत आपसी संघर्ष के चलते हुई है। बाघिन के सिर सहित कई जगह घाव हैं, जिससे पता चलता है कि टेरिटरी को लेकर आपसी संघर्ष हुआ है। मृत बाघिन की उम्र लगभग 9-10 साल है। बाघिन के शव का पोस्टमार्टम पन्ना टाइगर रिज़र्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। शव से सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम के उपरांत बाघिन के शव को जलाकर विनष्टीकरण किया गया। इस मौके पर वन विभाग के आला अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। गौरतलब है कि आज ही प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पन्ना के प्रवास पर आ रहे हैं। वे पन्ना में 10 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देने के साथ विवाह सम्मेलन में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव आज दोपहर करीब 3 बजे पन्ना पहुंचेंगे। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय सांसद विष्णु दत्त शर्मा भी रहेंगे। ऐसे समय बाघिन की मौत होने से वन्य प्राणियों की सुरक्षा और संरक्षण को लेकर सवाल उठ रहे हैं। गौरतल बात यह है कि विगत दिवस ही जहां पन्ना टाईगर रिजर्व के संचालक के द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया को जानकारी दी गई थी वन्यप्राणियों की सुरक्षा में कोई लापरवाही नहीं वहीं बाघिन की मौत एक बार फिर सवालों को जन्म दे बैठी। आखिर जिस तरह से विगत 15 दिवस से पन्ना टाईगर रिजर्व में जहां वन्यप्राणियों की मौते स्वमेव सुर्खियां बनी हुई है।

## संत गुप्ता एवं ओम प्रकाश जड़िया ने रक्तदान कर दो महिलाओं को दिया नया जीवनदान

पन्ना। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में इस समय ए पॉजिटिव खून ना होने के कारण कई मरीजों को दर-दर भटकना पड़ रहा है। परिवार के लोग बदले में खून देने को तैयार हैं, इसके बावजूद उनको खून उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिसकी मुख वजह है कि पन्ना जिले के जो राजनीतिक दल हैं एवं चुने हुए जनप्रतिनिधि हैं वह रक्तदान शिविर आयोजित करने को लेकर रुची नहीं रखते हैं। जिसके कारण ब्लड बैंक में खून का अभाव बना रहता है। विधायकों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन ना करने के कारण खून की कमी के कारण मरीजों को जब यहां पर खून नहीं मिलता तो उन्हें जबलपुर या सतना मजबूरी में उपचार करवाने जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही जिला अस्पताल में समय-समय पर सिविल सर्जन डॉक्टर आलोक गुप्ता द्वारा पत्राचार जिले के प्रमुख अधिकारियों को रक्तदान शिविर के लिए किया जाता है मगर न्यायालय विभाग के कर्मचारी और कुछ विभाग द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित जरूर किया जाता है, मगर जो शिविर में खून आता है वह ब्लड बैंक के लिए पर्याप्त नहीं है। यदि राजनीतिक दल के चुने हुए विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में रक्तदान शिविर हर माह आयोजित करने लगे तो जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में खून की कमी ना होने पाए। मगर जिले की चुने हुए जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं। जिसका खामियाजा पीड़ति मरीजों एवं उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। ऐसा ही मामला आज जिला अस्पताल में देखने को मिला पन्ना जिले के अजयगढ़ निवासी राजेंद्र शुक्ला की माता भवानी बाई शुक्ला पति राममिलन शुक्ला निवासी अजयगढ़ को एक पॉजिटिव खून की अत्यंत जरूरत थी और उनके घर परिवार में किसी भी सदस्य का ए पॉजिटिव ब्लड ग्रुप ना होने के कारण परिवार की लोग दर-दर भटक रहे थे। तभी उनके द्वारा जानकारी समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी को दी गई।समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी ने सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित किया जैसे ही जानकारी शहर के




ओमप्रकाश जड़यि को प्राप्त हुई वह बिना कोई विलंब किए जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे और उन्होंने निशुल्क रूप से राजेंद्र शुक्लाकी माता जी को स्वेच्छा से खून दान किया। इसके साथ ही पन्ना जिले के इटवा कला हाल पन्ना निवासी बसंत कुमार गुप्ता को जब जानकारी प्राप्त हुई की डूबा निवासी मालती पति रामचंद्र उर्फ भूरा दहायत उम्र 21 वर्ष जच्चा एवं बच्चा दोनों की हालत नाजुक है। यदि गर्भवती महिला मालती को समय पर खून नहीं मिला तो नवजात बच्चे की मां की जान जा सकती है। उन्होंने बिना कोई विलंब किए रात्रि के 11:00 बजे जिला अस्पताल पन्ना पहुंचे। मोबाइल गैलरी संचालक बसंत कुमार गुप्ता द्वारा आज सातवीं बार रक्तदान करने का पुनीत कार्य किया है। रक्तदान दाता वसंत कुमार गुप्ता एवं ओमप्रकाश जड़यि ने कहा कि खून दान करने से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। समय पर दिए गए खून दान से आप किसी का जीवन बचाने का पुनीत कार्य करते हैं। इसके साथ ही रक्तदान करने से हृदय घात एवं ब्रेन हेमरेज सहित कई घातक बीमारियों से स्वयं का बचाव होता है। इसलिए समय-समय पर खूनदान प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को करते रहना चाहिए। रक्तदान के पुनीत कार्य में समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी एवं लैब टेक्नीशियन विनोद पाल का सराहनीय योगदान रहा।

## ग्राम मलघन में अवैध खनन का बोलबाला, पत्थरों का खुलेआम हो रहा क्रय-विक्रय, प्रशासन बना मूक दर्शक





पन्ना।

पन्ना जिले की रैपुरा तहसील के ग्राम पंचायत मलघन से आ रही है, जहाँ अवैध खनन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पत्थरों का खुलेआम क्रय-विक्रय किया जा रहा है, लेकिन सबसे हैरानी की बात यह है कि 4 दिन पूर्व राजस्व विभाग को सूचित करने के बावजूद अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्राम मलघन के चितारवरा मे जहाँ खुलेआम ज़मीन से पत्थर को काटा जा रहा है, और पत्थरों की ढुलाई धड़ल्ले से की जा जारी है। ट्रैक्टर, ट्रॉली और अन्य भारी वाहन दिन-रात यहां से खनिज संपदा को बाहर ले जा रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो यह सब बिना किसी वैध अनुमति के किया जा रहा है। खेमा बंजारा द्वारा बताया गया की हमने कई बार शिकायत की है कि यहाँ अवैध खनन हो रहा है, लेकिन आज तक कोई अधिकारी यहाँ देखने तक नहीं आया। इस अवैध कारोबार में कुछ प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत होने की आशंका जताई जा रही है। सवाल ये उठता है कि आखिर क्यों राजस्व विभाग अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा हैं.यह प्रशासन की लापरवाही है या फिर कोई अंदरूनी गठजोड़।

## पवई में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर खिलवाड़, बिना रजिस्ट्रेशन और योग्यता के चल रहे अवैध क्लीनिक

**करही रोड पर संचालित हैं कई अवैध क्लिनिक जिसमे जबलपुर होम्यो क्लिनिक, बाबाजी क्लिनिक। आदि के साथ अन्य क्लिनिक संचालित हैं।**

पन्ना।




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई अंतर्गत एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। इलाके में करीब आधा सैकडा अवैध क्लिनिक संचालित हो रहे हैं। कई ऐसे क्लिनिक संचालित हो रहे हैं। जो न तो रजिस्ट्रेशन के दायरे में आते हैं और न ही उन्हें चलाने वाले व्यक्तियों के पास किसी प्रकार की चिकित्सकीय योग्यता है। सवाल ये उठता है कि लोगों की जान से खिलवाड़ आखिर कब तक चलता रहेगा. यह पवई का वही इलाका है जहाँ लोग बेहतर जीवन की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन यहीं छुपे हैं ऐसे क्लिनिक जो न सिर्फ नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं, बल्कि लोगों की सेहत और जान को भी खतरे में डाल रहे हैं। यहाँ संचालित हो रहे कई छोटे-बड़े क्लिनिक न तो मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड हैं।और न ही उन्हें चलाने वालों के पास मेडिकल की कोई डिग्री है। स्थानीय निवासी शिवकुमार का कहना हैं कि हमें तो नहीं पता था कि डॉक्टर के पास डिग्री भी नहीं है... हमने तो इलाज करवाया, लेकिन अब डर लग रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई बार गलत इलाज की शिकायतें सामने आई हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।नियमों के मुताबिक किसी भी क्लिनिक को चलाने के लिए संबंधित मेडिकल अथॉरिटी से अनुमति और पंजीकरण जरूरी है। इसके बावजूद कैसे चल रहे हैं ये क्लिनिक? क्या स्वास्थ्य विभाग की आँखों के सामने सब कुछ हो रहा है। पवई में स्वास्थ्य सेवाएं एक मज़ाक बन गई हैं? प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। अब देखना होगा कि इन अवैध क्लिनिकों पर कब कार्रवाई होती है, या फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार है।

### इनका कहना है

मुझे क्षेत्र मे अवैध क्लिनिक संचालक कि अभी खबर प्राप्त हुईं हैं.. टीम के साथ पहुच कर निरिक्षण करुगा। अवैध पाए जाने पर कार्यवाही कि जाएगी।

'प्रशांत भदौरिया बीएमओ पवई।

## अमानगंज में बायपास बंद होने से यातायात व्यवस्था चरमराई, नागरिकों को हो रही परेशानी

अमानगंज, पन्ना।



अमानगंज नगर में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी और व्यावसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद, बायपास मार्ग के दोनों ओर से बंद होने के कारण नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रशासन ने यह निर्णय नगर में ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया था, जिससे भारी वाहनों को बायपास मार्ग से होकर गुजरने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, बायपास मार्ग के दोनों ओर से बंद होने के कारण, भारी वाहनों को नगर के मुख्य मार्ग से गुजरना पड़ रहा है जिससे नगर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। इससे संकीर्ण बाजार क्षेत्रों में जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, और पैदल यात्रियों तथा दोपहिया वाहन चालकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बायपास मार्ग का निर्माण और सुधार कार्य पूर्ण हो चुका है, फिर भी इसे पुंगा पाइप डालने को लेकर दोनों ओर से बंद कर दिया गया है, जिससे नगर में ट्रैफिक की समस्या और बढ़ गई है। दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण ने भी स्थिति को और जटिल बना दिया है। प्रशासन ने आवश्यक सेवाओं के वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी है, जिसमें फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, पुलिस वाहन, नगरीय निकाय की स्वास्थ्य सेवाओं में लगे वाहन, एलपीजी व पेट्रोलियम पदार्थ वाहन, दुग्ध वाहन, विद्युत मंडल के कार्यों में संलग्न वाहन, राज्य शासन की निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के उठाव कार्य में लगे वाहन तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत उचित मूल्य दुकानों में युवा अन्नदूत योजना के तहत शासकीय खाद्यान्न उठाव कार्य में लगे वाहन शामिल हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बायपास मार्ग को शीघ्र ही दोनों ओर से खोल दिया जाए, ताकि नगर में ट्रैफिक की समस्या से राहत मिल सके।

खबर संक्षेप



## महाराजा छत्रसाल की जयंती पर छतरपुर में हुआ प्रतिमा एवं गद्दी पूजन

**छतरपुर**। बुन्देलखण्ड केसरी छत्रसाल स्मारक पब्लिक ट्रस्ट, छतरपुर के तत्वावधान में महाराजा छत्रसाल की जयंती के अवसर पर छत्रसाल चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा का पूजन और ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छतरपुर विधायक श्रीमती ललिता यादव मुख्य अतिथि और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहीं। सर्वप्रथम वैदिक रीति-रिवाज से ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच विधायक श्रीमती ललिता यादव और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया ने महाराजा छत्रसाल की प्रतिमा और उनके घोड़े पर माल्यार्पण कर पूजन किया, इसके बाद ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात सभी लोग गांधी चौक बाजार स्थित ट्रस्ट भवन पहुँचे, जहाँ नगर पालिका अध्यक्ष ने महाराजा छत्रसाल की गद्दी का विधिवत पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज पहारिया ने किया, जबकि ट्रस्ट सचिव राकेश शुक्ल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक जुझार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र अग्रवाल, सनत जैन, वरिष्ठ साहित्यकार सुरेन्द्र सिन्हा, डॉ. बहादुर सिंह परमार, अवनीन्द्र खरे, प्रो. सुमति प्रकाश जैन, हम फाउण्डेशन के संरक्षक मनीष दोसाज, लालकड़क्का रामलीला समिति के सचिव नरेन्द्र चतुर्वेदी, ट्रस्ट अध्यक्ष हरिप्रकाश खरे दद्दे, सचिव राकेश शुक्ल, सहसचिव प्रवीण गुप्त, कोषाध्यक्ष गोकुल प्रसाद गुप्ता, ट्रस्टी गणेश प्रसाद ताम्रकार, राकेश तिवारी, पंकज पहारिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छतरपुर में देखने को मिला मौसम का मिला-जुला मिजाज

**कहीं हुई तूफानी बारिश, कहीं निकली रही धूप**

**छतरपुर**। गुरुवार को छतरपुर जिले में मौसम ने मिला-जुला रंग दिखाया। गौरिहार क्षेत्र में जहां तूफानी बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया तो वहीं जिला मुख्यालय सहित कई इलाकों में सुबह से तेज धूप रही। गौरिहार में बारिश इस कदर हुई कि यहां आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अचानक बदलाव करना पड़ा। दरअसल गौरिहार में भारी बारिश के कारण हेलीपैड पर पानी भर गया और सभास्थल का टेंट उखड़ गया, जिससे मुख्यमंत्री का दौरा रद्द हुआ। उन्होंने खजुराहो से सभा को वर्चुअली संबोधित किया। जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में सुबह तेज धूप रही, लेकिन दोपहर बाद बादलों ने डेरा जमाया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और बारिश की संभावना जताई है। जिला मुख्यालय के अलावा नौगाँव, बड़ामलहरा, बिजावर आदि क्षेत्रों में सुबह से तेज धूप रही, जिससे लोग घरों में रहने को मजबूर हुए। दोपहर बाद बादलों ने राहत दी, लेकिन बारिश न होने से उमस बढ़ी। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में हल्की बारिश की संभावना जताई है।

## बड़कुल चौक पर बारिश में टूटा बिजली का तार, सांड की हुई मौत



**छतरपुर**। शहर के बड़कुल चौक पर गुरुवार को हल्की बारिश के दौरान विद्युत विभाग का जर्जर तार टूटकर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से एक सांड की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इसकी शिकायत कई बार की जा चुकी थी, लेकिन विभाग ने समस्या का समाधान नहीं किया। लोगों के अनुसार, बारिश और हाई वोल्टेज के कारण तार टूट गया, जिससे यह हादसा हुआ। तार टूटने और सांड की मौत की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान करंट फैलने से बड़ा हादसा भी हो सकता था।

### केन बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड की धरती पंजाब हरियाणा को पीछे छोड़ेगी : डॉ. मोहन यादव

**मुख्यमंत्री ने खजुराहो से वर्चुअली किया करोड़ों रूपए के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

# लाड़ली बहनों को आने वाले समय में 3 हजार रूपए माह की राशि दी जाएगी

छतरपुर केन बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड की धरती पंजाब हरियाणा को पीछे छोड़ेगी। शराब से खराब कोई चीज नहीं शराब पीढ़ियों को बर्बाद कर देती है। कल्याणी विवाह योजना शुरू होगी लाडली बहनों को आने वाले समय में तीन हजार रूपए माह की राशि दी जाएगी एवं किसानों भाइयों को पांच रुपए में बिजली कनेक्शन दिया जाएगा। उक्त विचार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर जिले के गौरिहार में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने खजुराहो एयरपोर्ट पहुंचे थे। किंतु तेज आंधी बारिश होने के कारण खजुराहो के निजी होटल में वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से बोलते हुए व्यक्त किए।





*इस अवसर पर छतरपुर जिले के प्रभारी मंत्री श्री ऐदल सिंह कसाना, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, विधायक राजनगर अरविंद पटेरिया, विधायक बिजावर राजेश शुक्ला, विधायक छतरपुर श्रीमती ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, नगरपालिका अध्यक्षक छतरपुर ज्योति चौरसिया, खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरूण सिंह, पूर्व विधायक प्रदुम्न सिंह लोधी, चन्द्रभान सिंह गौतम, कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत, आईजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी ललित शाक्यवार, कलेक्टर पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक अगम जैन, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअल कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मध्य प्रदेश के लिए एक लाख करोड़ की केन बेतवा लिंक परियोजना प्रदान की गई है। जिसके माध्यम से बुंदेलखंड की धरती हरियाणा पंजाब की धरती को पीछे छोड़ेगी और उत्पादन दोगुना होगा और किसान भाई आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे।*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान भाइयों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए जहां दुनिया में म.प्र. में पहली बार किसान भाइयों को बिजली कनेक्शन 5 रूपए में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार किसान भाइयों को बिजली का बिल न देना पड़े इसके लिए दो हॉर्स पावर से 10 हॉर्स पावर तक के पंप भी दिए जाएंगे। जिससे उनकी बिल से छुट्टी होगी। उन्होंने कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। 25 से ज्यादा गाय भैंस पालने वाले किसान भाइयों को सरकार अनुदान देगी और दूध भी खरीदेगी। साथ ही जहां-जहां कृष्ण भगवान के चरण पड़े हैं वहां पर कार्य किया जाएगा एवं छतरपुर के जटाशंकर मंदिर के उचित प्रबंध एवं रखरखाव के लिए भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल में देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर पधार रहे हैं। जिसमें हमारी प्रदेश की बहने अवश्य पधारे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी म.प्र. को मेट्रो ट्रेन, दो हवाई अड्डा सहित अन्य विकास कार्य प्रदेश को समर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार हमारी माता बहनों की आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए भी कार्य कर रही है। आने वाले समय में लाडली बहनों के लिए तीन हजार रूपए की प्रत्येक माह की राशि प्रदान की जाएगी। अभी 1250 की राशि दी जाती है। जो कि हमारी बहनों के लिए कम है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार किसानों, बहनों एवं बेरोजगार युवक-युवतियों के उन्नयन के लिए कार्य कर रही है और रोजगार के अवसर भी सृजन किये जा रहे हैं।**

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार ने शराबबंदी के अंतर्गत अभी 19 धार्मिक शहरों में शराबबंदी की है। क्योंकि शराब सबसे खराब चीज होती है और इससे पीढिय़ा बर्बाद हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी इस पर और भी विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज शराब बंदी के बाद भगवान जुगल किशोर की नगरी पन्ना में पहली बार जा रहा हूं। जहां भगवान के आर्शीवाद से हमें और भी प्रेरणा मिलेगी। सरकार ने सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुंचाने वाले व्यक्तियों को 25 हजार की राशि राहगीर योजना के माध्यम से दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से हमारी घायल व्यक्ति का समय पर उचित हो इलाज मिल सकेगा। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि तत्काल एवं उचित इलाज देने के लिए सरकार ने एयर एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की है। जिसके माध्यम से आयुष्मान कार्ड धारी को प्रदेश एवं देश में अच्छे से अच्छा इलाज निःशुल्क मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी जो बहनें कम समय में विधवा हो जाती थी और अपनी जिंदगी बड़ी परिश्रम से जीती थी इस पर सरकार ने विचार करते हुए तत्काल कल्याणी विवाह योजना के माध्यम से 2 लाख रूपए की राशि देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नल जल योजना के माध्यम से हर घर में शुद्ध पेय जल टोंटी के माध्यम से देने का कार्य कर रहे हैं। इससे प्रदेश के करोड़ों परिवार लाभान्वित हो रहे है और अब हमारी माताओ बहनों को घर के बाहर पानी के लिए नहीं जाना पड़ेगा। इसी प्रकार शुद्ध पेयजल के साथ साथ किसाना भाईयों की फसल को सिंचित करने के लिए विभिन्न सिंचाई परियोजनओं के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश का कोई भी अपने पुरखों के द्वारा दी गई जमीन को न बेचें। यदि आवश्यकता पड़ती है तो वह लोन ले या मकान गिरवी रख दे। किंतु जमीन न बेचें। जमीन की कीमत आने वाले समय में चार गुनी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपने बेटा बेटी की शादी में बेफिजूल खर्च न करें। मैनें अपनी बेटे की शादी भी 50 परिजनों की मौजूदगी में की। इससे फिजूल खर्च बचा आप सभी भी अपने बेटा बेटी की शादी बेफिजूल के खर्च को बचाएं। इस अवसर पर जिले के प्रभारी ने श्री ऐदल सिंह कंसाना ने कहा कि आज छतरपुर जिले के लिए बड़ा सौभाग्य का दिन है। जब मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा करोड़ों रूपए की सौगात प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा विकास के साथ साथ सभी वर्गों को अनेक योजनाओं के माध्यम से लाभांवित करने का कार्य किया जा रहा है। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वारा म.प्र. के साथ साथ छतरपुर जिले में पुराने जल स्त्रोतों को संरक्षित एवं संरक्षण करने का कार्य किया जा रहा है। इससे जल स्तर बढ़ेगा। उन्होने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। जिससे की सम्पूर्ण छतरपुर जिला लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज इतने विपरीत मौसम में भी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा खजुराहो आकर वर्चुअली कॉन्फ्रेंस के माध्यम से करोड़ों रूपए की सौगात दी है। इससे सभी लाभान्वित होंगे।

सांसद खजुराहो डॉ. वी.डी. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सभी वर्गों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभांवित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. यादव म.प्र. के विकास के लिए कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। जिससे की न केवल जल स्त्रोत संरक्षित हो रहे हैं। बल्कि उनमें जल भराव की क्षमता भी बढ़ रही है। जिससे पानी की समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आज खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा विपरीत मौसम में भी करोंड़ों रूप्ए के कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर हम सबको गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि म.प्र. की सरकार विकास की सरकार है और विकास की यात्रा पर लगातार कार्य कर रही है।

### मुख्यमंत्री ने वर्चुअली किया करोड़ों रूपए के लोकार्पण एवं भूमिपूजन -

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली माध्यम से छतरपुर जिले को एक साथ कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं की सौगात दी। जिसमें 184 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के 92 विकासकार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया गया। जिसके अंतर्गत ग्रामीण कनेक्टिविटी से लेकर जल-जीवन मिशन, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा, खेल सुविधाएँ और नगरीय आधारभूत संरचना से जुड़े विकास कार्य शामिल है। साथ ही 7 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की लागत से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत उमरी खेड़ा तालाब का जीर्णोद्धार कार्य, कन्या छात्रावास में ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण सहित अन्य विकास कार्य का लोकार्पण किया गया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 56 करोड़ 40 लाख से अधिक की लागत से 18 सड़कों का निर्माण करवाया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 17 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक की लागत से 15 गाँवों में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना के कार्य किए गए हैं। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु 5 करोड़ 30 लाख रुपए से अधिक की लागत से पहरा और रनगुवां में विद्युत केंद्र का निर्माण करवाया गया है। 6 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से छतरपुर में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण करवाया गया है। भूमिपूजन किए गए कार्यों में 29 करोड़ 65 लाख रुपए से अधिक की लागत से विद्यालयों और महाविद्यालयों में नवीन भवनों का निर्माण करवाया जाएगा। 18 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक की लागत से नगरीय क्षेत्र छतरपुर में पेयजल आपूर्ति तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करवाया जाएगा। 8 करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की लागत से जल जीवन मिशन अंतर्गत 13 गाँवों में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना के कार्य किए जाएंगे। 18 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक की लागत से गौरिहार और सटई में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण करवाया जाएगा। लोकार्पित हुए कार्य में ग्रामीण क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए 56 करोड़ 40 लाख से अधिक की लागत से 18 सड़कों का निर्माण करवाया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 17 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक की लागत से 15 गाँवों में एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना के कार्य किए गए हैं। निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु 5 करोड़ 30 लाख रुपए से अधिक की लागत से पहरा और रनगुवां में विद्युत केंद्र का निर्माण करवाया गया है। 6 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से छतरपुर में संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का निर्माण करवाया गया है।

# खेत में मिली युवक की लाश, फैली सनसनी

## शरीर पर मिले चोटों के निशान, जांच में जुटी पुलिस



**नौगांव**। नगर के डिस्टलरी रोड, लक्ष्मी नगर के पास एक खेत में गुरवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान धौर्रा मंदिर के पास वार्ड नंबर 18 निवासी कल्लू चौबे (38 वर्ष) के रूप में की है।

परिजनों ने बताया कि कल्लू चौबे बीते दिन से लापता था। शव पर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की। आसपास के लोगों से पूछताछ और साक्ष्य जुटाने का कार्य जारी है। प्रारंभिक जांच में शव पर चोटों के निशान मिलने से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। युवक की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# युवती ने लगाया लव जिहाद का आरोप

## पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपी फरार



**छतरपुर**। सिविल लाइन थाना में एक युवती द्वारा शिकायत करते हुए बताया गया कि शादी का झांसा देकर एक युवक ने दो साल तक उसका शारीरिक शोषण किया है और अब आरोपी धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। युवती ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है, जिस पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेकर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु की है।

शिकायत करने पहुंची युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि पूर्व में हिन्दू रीति-रिवाज से उसकी शादी हो चुकी थी। दो साल पहले कुंजरहटी मोहल्ले के नौशाद राइन ने उसे अपने प्रेमजाल में फँसाया। युवती के मुताबिक, नौशाद ने हिंदू धर्म से शादी करने का वादा किया और इस बहाने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। अब नौशाद के द्वारा धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया जा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीक चौबे ने बताया कि युवती की शिकायत के आधार पर देर रात बीएनएस की धारा 69 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी नौशाद राइन फिलहाल फरार है। उसकी तलाश के लिए एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई है, जो उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। इसी बीच, स्थानीय हिंदू संगठनों ने भी इस मामले को लव जिहाद करार देते हुए पुलिस से जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार करने और सख्त कार्रवाई करने की माँग की है।

## एनसीएल ने वैढन तहसील में सार्वजनिक सुविधाओं के विकास हेतु लोक निर्माण विभाग के साथ किया एमओयू



**सिंगरौली**। सिंगरौली स्थित कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने बुधवार को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत वैढन में सार्वजनिक सुविधाओं के विकास हेतु लोक निर्माण विभाग, सिंगरौली के साथ एमओयू किया। इस एमओयू केअंतर्गत एनसीएल द्वारा उपविभागीय कार्यालय, सिंगरौली एवं तहसील कार्यालय, वैढन में सार्वजनिक सुविधाओं जैसे प्रतीक्षालय, बिजली, पानी की सुविधा और पार्क निर्माण इत्यादि के विकास हेतु सीएसआर मद से लोक निर्माण विभाग, सिंगरौली को 23 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान एनसीएल की ओर से महाप्रबन्धक (सीएसआर), राजीव रंजन एवं लोक निर्माण विभाग, सिंगरौली से कार्यपालक अभियंता (इंचार्ज) विनोद कुमार चौरसिया ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एनसीएल की इस सीएसआर पहल से सिंगरौली जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से वैढ़न तहसील कार्यालय आने वाले लोगों को सुविधा प्राप्त होगी। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत सिंगरौली परिक्षेत्र में विकास एवं कल्याण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों एंव गतिविधियों का आयोजन करती रही है। एनसीएल का यह प्रयास सिंगरौली परिक्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने का एक उदाहरण है।

## एनएससी, जयंत में शनिवार को लगेगा कार्डियोलॉजी, ओंकोलोजी व आर्थोपेडिक्स संबंधी सुपर स्पेशलिटी स्वास्थ्य शिविर



**सिंगरौली**। एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय, जयंत (एनसीएल) के तत्वाधन में आगामी शनिवार को निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के दौरान एकोर्ड सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, फ़रीदाबाद के चिकित्सकों की टीम के द्वारा उपस्थित सभी का कार्डियोलॉजी, ओंकोलोजी एवम् आर्थोपेडिक्स संबंधी स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इस दौरान आस पास के क्षेत्र के स्थानीय लोग शिविर में आकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।गौरतलब है कि एनएससी, जयंत द्वारा समय समय पर स्थानीय समुदाय को उच्च स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है।



## सिंगरौली महोत्सव आयोजित कराने में सराहनीय योगदान के लिए कलेक्टर ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**सिंगरौली**

:जिले 17 वी वर्षगाठ के अवसर पर 24 मई से लेकर नगर गौरव दिवस 27 मई तक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बाहरी कलाकारो के साथ स्थानीय कलाकारो के द्वारा अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। समारोह के दौरान कवि सम्मेलन से लेकर रंगोली एवं पेंटिग प्रतियोगितओं का आयोजन किया गया। साथ ही समारोह के आखिर दिवस नगर गौरव दिवस पर दीपोत्सव एवं आतिसबाजी कर हर्षो उल्लास के साथ समारोह का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम का कलेक्टर चन्द शेखर शुक्ला के कुशल निर्देशन में एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, एसडीएम सृजन बर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिला सिंगरौली महोत्सव में लगे अधिकारी कर्मचारियों को कलेक्टर शुक्ला के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही कार्य के सफल आयोजन हेतु अपनी शुभकाना दी।समारोह के सफल आयोजन पश्चात आज कलेक्ट्रेट सभागार में सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह के उपस्थित में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा कार्यक्रम हेतु निर्मित समितियों के नोडल अधिकारी जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, देवेन्द द्विवेदी, सौरभ मिश्रा, नंदन तिवारी सहित महोत्सव में सलग्न अधिकारी कर्मचारियो, पुलिस अधिकारियो जवानो को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### मॉर्निंग वॉक पर निकले बुजुर्ग पर आवारा मवेशी ने किया हमला, हालत गंभीर

**रीवा ।** शहर के वार्ड क्रमांक 9 स्थित कैलाशपुरी में आवारा मवेशियों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले 80 वर्षीय रामसुंदर मित्रा पर एक आवारा बैल ने हमला कर दिया, जिससे ये गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना के बाद से स्थानीय लोगों के साथ-साथ कई कार्यों के पार्षदों ने ने नगर निगम प्रशासन पर सवाल उठाए है। र है। उनका कहना है कि पूरे शहर में आवारा मवेशियों का आतंक है और उन्हें पकड़ने के लिए तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। वार्ड 9 के पूर्व पार्षद सतीश सिंह ने बताया कि कैलाशपुरी में यह वही बैल है जो हाल के दिनों में चार अन्य लोगों पर भी हमला कर चुका है। चुकि रामसुंदर मिश्रा उम्रदराज थे, वे खुद को बचा नहीं पाए और गंभीर रुप से से चोटिल हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना नगर निगम आयुक्त को दे दी गई है। मवेशी को पकड़ने के लिए एक टीम मौके पर पहुंची थी, लेकिन वह बैल वहां नाहीं मिला। अब गुरुवार को मोहल्ले के दूसरे स्थानों पर उसकी तलाश की जाएगी।

### डाक विभाग में एजेंट चयन की अंतिम तिथि आज

**रीवा ।** भारतीय डाक विभाग में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के व्यवसाय अर्जन के लिए डायरेक्ट सेल्स एजेन्ट के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जा रहे हैं। अधीक्षक डाक संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार साक्षात्कार 30 मई तक लिए जाएंगे। आवेदक सुबह 11.30 बजे अपने समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय अधीक्षक डाकघर सिरमौर चौक रीवा में उपस्थित हो सकते हैं। आवेदक जो 10वीं पास हो व कम्प्यूटर का ज्ञान हो वह इंटरव्यू में भाग ले सकते है।

### तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच हुई सीधी भिड़ंत, तीन घायल

**रीवा।** जिले के गुढ थाना क्षेत्र के महसांव रेडियो स्टेशन के समीप बुधवार की दोपहर दो बाईकों के बीच हुई सीधी टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना के बाद घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से संजय गांधी अस्पताल लाया गया है जहां उपचार जारी है। घटना के संबंध में धर्मेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर दो बाईकों में सीधी टक्कर गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत महसाव रेडियो स्टेशन के सामने हो गई। इस सड़क हादसे में एक बाइक पर दो लोग सवार थे जबकि दूसरी बाइक में एक युवक सवार था दोनों बाइक के बीच हुई टक्कर के बाद तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं अचेत अवस्था में तीनों युवकों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया है। बताया गया कि घटना में एक बाइक में सवार रामलाल साकेत और गंगा साकेत निवासी ग्राम चौड़ियार थाना गुढ़ घायल हुए है, जबकि दूसरे बाईक में सवार युवक की पहचान का प्रयास पुलिस द्वारा किया जा रहा था।

## सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना थी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर में

# न्यायप्रिय व धर्म परायण शासक थीं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर



**रीवा ।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि लोकमाता में सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना थी। उनके चरित्र के स्मरण मात्र से मन गर्व और श्रद्धा से भर जाता है। उनके द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्य सर्वदा याद किए जाते रहेंगे। लोकमाता के चरित्र का अनुसरण करने से व्यक्ति के मन में जो संस्कार आएंगे उससे वह वैसा ही व्यवहार करेगा और भारत को विश्वगुरू बनाने का संकल्प पूरा होगा। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित संगोष्ठी में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कृतज्ञ देश लोकमाता अहिल्याबाई का पुण्य स्मरण कर रहा है। उनकी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था, कौशल व धार्मिक प्रवृत्ति का लोहा सम्पूर्ण विश्व मानता है। स्टीवन गार्डन ने लोकमाता के बारे में अपनी राय देते हुए लिखा है कि वह न्यायप्रिय सुशासन व धर्म परायण शासक थीं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने सोमनाथ, काशी विश्वनाथ सहित अनेक ज्योतिर्लिंगों के मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य कर सनातन को दृढ़ता प्रदान की। जिससे हमारा देश मजबूत हुआ। उन्होंने धर्म की ध्वजा को सामने रखकर आंतरिक सुरक्षा को भी मजबूत किया। घाटों का निर्माण कराकर जल संरक्षण का संदेश दिया। शासक से सुशासक बनकर राजमाता लोकमाता बनीं। शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश में लोकमाता के विचारों का अनुसरण कर देश को समृद्धशाली बनाने का कार्य किया जा रहा है। आर्थिक समृद्धि के साथ कृषि के क्षेत्र में समृद्धशाली बनकर आज हम विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकॉनामी के तौर पर स्थापित हुए हैं। प्रधानमंत्री जी समर्पण भाव से देश के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा हमने अपनी आंतरिक सुरक्षा का भी लोहा मनवाया है। हमारे देश के सभी दलों के सांसदों का प्रतिनिधि मण्डल दुनिया में ऑपरेशन सिंदूर की कहानी बता रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने लोकमाता के 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से लोकमाता द्वारा स्थापित मापदण्डों को आत्मसात करें और 300 वर्ष पूर्व एक वीरांगना नारी द्वारा स्थापित मापदण्डों का स्मरण करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरू अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय प्रो. राजेन्द्र कुड़रिया ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने 28 वर्ष के शासनकाल में 5827 धार्मिक स्थलों का पुनरूद्धार किया। उन्होंने धार्मिक भावना से ऊपर उठकर समरसता के भाव से कार्य किए। कुलगुरू ने कहा कि



सनातन धर्म एक विचार है जो सभी को लेकर आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। गंगा जैसी निर्मल चरित्र वाली अहिल्याबाई लोकमाता के साथ पुण्य श्लोका भी कहलाईं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ऐसी विरली महिला थीं जो सामान्य घर में पैदा होकर राजरानी बनीं और समाज के लिए समर्पित भाव से कार्य कर लोक कल्याण के कार्यों के कारण लोकमाता कही जाने लगीं। उन्होंने राजधर्मों के पालन के साथ देव स्थानों के पुनरूद्धार का कार्य किया। 300 वर्ष पूर्व नारी सशक्तिकरण की दिशा में उन्होंने अनेक कार्य किए। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में प्रज्ञा त्रिपाठी ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई 300 वर्ष बाद भी स्मरणीय हैं। उनका जीवन प्रेरणास्त्रोत है। उनके साहस, वीरता व समाजसेवा की भावना ने उन्हें लोकमाता बनाया। आज हर बेटी को अपने में अहिल्याबाई की झलक देखनी होगी तभी बेटियों व महिलाओं में सशक्तिकरण की भावना और ज्यादा मजबूत होगी। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन विषय प्रवर्तन करते हुए कुलसचिव सुरेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि लोकमाता का चरित्र प्रेरणादायक व अनुकरणीय है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती व लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, संजय द्विवेदी, राजेश सिंह सहित विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति, आचार्यगण, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं तथा प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महापौर श्रीमती ममता गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन केके तिवारी द्वारा किया गया।

## रीवा में शिक्षा विभाग का बड़ा फर्जीवाड़ा

# न मृतक असली, न बेटा उसका फिर भी मिल गई अनुकंपा नियुक्ति

रीवा

रीवा के शिक्षा विभाग में एक ऐसा फर्जीवाड़ा सामने आया है जिसे पढ़कर शायद आप भी हैरान रह जाएंगे, यहां एक महिला जिसने कभी शिक्षा विभाग में काम नहीं किया उसके नाम पर उसके बेटे को अनुकंपा नियुक्ति दे दी गई और ताजुब की बात कि जिस व्यक्ति को महिला का बेटा बताया गया वह उसका बेटा भी नहीं। हैरत की बात तो यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिया फर्जी व्यक्ति ने जॉइनिंग दे दी और जब शिकायत हुई तो सारे फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ हो गया।कथित तौर पर इस अनुकम्पा नियुक्ति में जिला शिक्षा अधिकारी एवं अनुकम्पा नियुक्ति प्रभारी राम प्रसन्न द्विवेदी की भूमिका संदिग्ध है। आनन फानन में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा एक जांच टीम बनाई गई और 2 दिन के अंदर ही अपना दिया हुआ नियुक्ति आदेश रद्द कर दिया ,अब अधिकारी इस मामले में आगे जांच करने की बात कर रहे हैं जो हमेशा होता है। शायद अपने आप में यह एक ऐसा अनोखा मामला होगा जिसमें केवल फर्जी दस्तावेज के आधार पर किसी को अनुकंपा नियुक्ति दे दी गई हो। इस मामले का खुलासा उस समय हो गया जब काल्पनिक महिला बेलाकली कोल को यह बताया गया कि वह शासकीय प्राथमिक शाला ढेरा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थी और सेवाकाल के दौरान 16 मई 2023 को उसका निधन हो गया। अनुकंपा नियुक्ति आदेश में कहा गया कि बेलाकली की मौत के बाद आश्रित सदस्य उसके पुत्र बृजेश कुमार कोल पिता शिवचरण कोल ग्राम पोस्ट परसिया तहसील त्योथर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोड़ौरी विकासखंड गंगेव जिला रीवा में चपरासी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है। बात दे रीवा जिले में सामान्य तौर पर अनुकंपा नियुक्ति पाना एक ऐसा समंदर है जिसे पार करने के लिए वर्षों लग जाते हैं बॉक्स 21 बिंदुओं की कड़ी जांच प्रक्रिया के बावजूद मिली




फर्जी नियुक्तिअनुकंपा नियुक्ति के लिए जो चेक लिस्ट होती है जरा उस पर एक नजर डालते हैं 21 बिंदुओं पर आधारित चेक लिस्ट में हर वह चीज मांगी जाती है जो सामान्य तौर पर नहीं बनाई जा सकती जिसमें कुछ मुख्य बिंदु है जैसे मृत्यु प्रमाण पत्र ,मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र ,सजरा खानदानी, समस्त आश्रित परिवार का शपथ पत्र ,आवेदन करता का करेक्टर सर्टिफिकेट ,मृतक शासकीय सेवक की यूनिक आईडी, मृतक के शासकीय सेवा में स्थाई पद पर होने का प्रमाण पत्र, और इस तरह के समस्त प्रमाण प्राचार्य द्वारा प्रमाणित होना अनिवार्य है इन बिंदुओं पर नजर डालिए तो पता चलता है कि इस समंदर को गलत तरीके से पार करना मुमकिन नहीं है तो फिर इतना बड़ा घोटाला कैसे हो गया किसने किया कौन शामिल है इस तरह के कई सवाल है जिस पर अब पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है बॉक्स ज्वाइनिंग के बाद मांगे दस्तावेज, फर्जी शिक्षक हुआ फरारबताया गया है कि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोड़ौरी में ज्वाइनिंग करने के बाद स्कूल प्रबंधन द्वारा युवक से अपने और मृतक मां के दस्तावेज मांगे। युवक द्वारा अपने दस्तावेज तो दे दिए गए, लेकिन वह अब तथाकथित मां से संबंधित दस्तावेज कहां से लाता। एक दो दिन तक तो युवक टाल-मटोल करता रहा। कुछ दिनों बाद उसने स्कूल जाना ही बंद कर दिया। जिसके बाद स्कूल प्रबंधन को कुछ शक हुआ और प्राचार्य द्वारा इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत की गई। मामला संदेहास्पद होने पर जब डीईओ ने जांच कराई तो पाया गया कि जिस मृतक महिला बेलाकली को युवक अपनी मां बता रहा था वह शिक्षा विभाग में कभी थी नहीं, यहां तक कि इस नाम की महिला युवक की मां भी नहीं है। इस प्रकार विभाग को पता चला कि युवक ने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से नौकरी हासिल की है। बॉक्स डीईओ ने फर्जी नियुक्ति पर मानवीय संवेदना का दिया हवाला जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने कहा कि मामला संज्ञान में आते ही जांच टीम गठित कर दी गई है। प्रथम सूचना के आधार पर नियुक्ति भी निरस्त कर दी गई है। गुप्ता का कहना है कि अनुकंपा नियुक्ति के मामले में मानवीय संवेदना होती है कि विभाग के कर्मचारी का निधन हो गया है। तो परिवार के किसी सदस्य को नौकरी मिल जाए। हालांकि विभाग में पदस्थ बाबू की भूमिका संदिग्ध होने के सवाल पर टालमटोल कर भागते हुए नजर आए।

**इनका कहना है:** अनुकंपा नियुक्ति में फजी दस्तावेज लगाने का एक मामला संज्ञान में आया है। आवेदक द्वारा फर्जी दस्तावेज का आवेदन प्रस्तुत कर अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त की गई थी, प्रथम दृष्टि नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया है संबंधित के विरुद्ध एफआइआर कराने के निर्देश दिए गए। आगे जो भी जांच में जिम्मेदार सामने आएंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**प्रतिभा पाल**, कलेक्टर रीवा

# बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से हत्या

## आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस



**रीवा।** जिले के जवा थाना अंतर्गत नेदुरा गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक 70 वर्षीय वृद्ध का शव घर में रक्तरंजित हालत में मिला। मृतक की पहचान रामखेलावन आदिवासी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से सोते समय हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, यह वारदात बीती देर रात से सुबह के बीच की है। परिजन जब सुबह उठे तो रामखेलावन को खून से सना पाया। पुलिस को सुबह करीब 5 बजे सूचना दी गई, जिसके बाद तत्काल जवा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों ने बताया कि रामखेलावन की तीन बेटियां हैं और वे पुत्रविहीन थे। एक बेटी का परिवार उन्हीं के साथ नेदुरा गांव में निवास करता था। रात में रामखेलावन अकेले अपने बिस्तर पर सो रहे थे, जबकि बाकी परिवार घर के दूसरे हिस्से में विश्राम कर रहा था। सुबह जब सुरेश की नींद खुली, तो उसने रामखेलावन को खून से लथपथ हालत में पाया। शोर मचाने पर गांव के लोग जुटे और फिर पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित विशेष जांच टीम मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश में जुटी हुई है। फिलहाल इस हत्याकांड के पीछे की मंशा और अपराधियों की शिनाख्त को लेकर पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। परिजनों के बयान के आधार पर कुछ संदिग्धों की पहचान की गई है, जिनकी तलाश जारी है।बाक्सलंबे समय से पड़ोसियों से चल रहा था विवादबताया गया कि मृतक रामखेलावन की तीन बेटिया था, उसके पुत्र नहीं था, एक बेटी का परिवार उसके साथ नेदुरा में रहता था। परिजनों ने पड़ोसी पर हत्या की आशंका जाहिर की है। मृतक के नाती सुरेश आदिवासी ने बताया कि उसके नाना रात में खाना खाकर सोए हुए थे। वो लोग सभी दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह लगभग पांच बजे जब उसकी नीद खुली तो देखा की नाना खून से लथपथ है, जिसके बाद शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग भी पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी गई। मृतक के नाती का आरोप है कि पड़ोसी आए दिन मारने की धमकियां दिया करता थे। जिसके बाद पुलिस अब पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।बॉक्स संदेहियों को पुलिस ने हिरासत में वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने गांव के कुछ संदेहियों को पकड़ा है, जिनमें पड़ोसी भी शामिल हैं। घटना में उनकी भूमिका संदिग्ध मिली थी, जिस पर पुलिस ने उनको पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में अहम जानकारियां मिली हैं, जिसके आधार पर आगे जांच की जा रही है।

**जवा थाना क्षेत्र के नेदुरा गांव की घटना**

# उप मुख्यमंत्री ने 2.63 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण

### रीवा विकास के मामले में प्रदेश में अव्वल रहेगा - उप मुख्यमंत्री

**रीवा ।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। विकास के मामले में यह प्रदेश में अव्वल रहेगा। यहाँ तेजी से विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। मीठे पानी की सुनिश्चितता के साथ ही बिजली की सुविधा व सड़कों के चौड़ीकरण के कार्य प्राथमिकता से कराए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने 2.63 करोड़ रुपए की लागत से नवनिर्मित 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र का लोकार्पण किया। उन्होंने विभाग द्वारा निर्धारित समय से पूर्व विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना किए जाने की प्रशंसा की। पीटीएस चौराहे में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि रीवा को प्रदेश के महानगरों में स्थान मिले और लोग यहाँ के विकास को उदाहरण के तौर पर देखें। रीवा किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेगा। देश व प्रदेश में विकास के लिए जो धनराशि जारी होती है उसमें रीवा की भी हिस्सेदारी हो इस बात की चिंता हमेशा रहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश व प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। हमारा रीवा भी पीछे नहीं रहेगा। अधोसंरचना विकास के साथ ही जनकल्याण के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। शुक्ल ने विद्युत उपकेन्द्र का फीता काटकर एवं शिलापट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम को अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने भी संबोधित किया। अधीक्षण यंत्री बृजेश कुमार शुक्ला ने तकनीकी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी वीरेन्द्र गुप्ता, दीनानाथ वर्मा, राजगोपाल मिश्रचारी, राजेश पाण्डेय, प्रदीप गौतम सुमन, मुख्य अभियंता आईके त्रिपाठी सहित विद्युत मण्डल के अधिकारी-कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे।






# अवैध वसूली के आरोप में ट्रैफिक आरक्षक निलंबित, शिकायत मिलने पर एसपी ने की कार्रवाई

**रीवा।** शहर के सिरमौर चौराहा क्षेत्र में ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर लगे अवैध वसूली के गंभीर आरोपों के बाद पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह मामला तब सामने आया जब एक आटो चालक ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ऑटो चालक ने बताया कि सिरमौर चौराहा पर तैनात ट्रैफिक आरक्षक पुष्पराज द्विवेदी ने उसे रोककर एक ओर ले जाकर अवैध रूप से एक हजार रुपए की मांग की। जिसके बाद चालक ने पैसे देने से इंकार कर दिया, उसने इसकी लिखित शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी विवेक सिंह ने तत्काल जांच के आदेश दिए और प्राथमिक साक्ष्यों के आधार पर आरक्षक को निलंबित कर दिया गया। निलंबित किए गए आरक्षक पुष्पराज द्विवेदी की नियुक्ति अनुकंपा आधार पर उनके पिता के निधन के बाद हुई थी। बताया जा रहा है कि वह लंबे समय से ट्रैफिक विभाग में पदस्थ थे। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि विभाग में अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले कर्मियों को पहले खुद कानून का पालन करना चाहिए।

### स्कूटी पर ले जाई जा रही 631 शीशियाँ कफ सिरप जब्त, आरोपी फरार



**रीवा।** नशे के खिलाफ अभियान चला रही रीवा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह संदिग्ध हालात में जा रहे दो युवकों की गतिविधियों पर शक होने पर पुलिस ने पीछा किया। आरोपी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए, लेकिन स्कूटी पर लदी करीब 1.25 लाख रुपये की 631 शीशियाँ नशीली कफ सिरप बरामद की गईं। साथ ही मौके से स्कूटी भी जब्त की गई है, जिससे आरोपियों की पहचान की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। थाना प्रभारी कमलेश साहू ने बताया कि जब पुलिस टीम रेलवे स्टेशन की ओर से लौट रही थी, तभी दो युवक बोरी से भरी स्कूटी लेकर संदिग्ध हालात में संगम नगर, ढेकहा वार्ड क्रमांक 5 की ओर जाते दिखाई दिए। संदेह होने पर जब पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो दोनों स्कूटी छोड़कर मौके से भाग निकले। स्कूटी की जांच करने पर पुलिस को उसमें नशीली कफ सिरप (ऑनरेक्स) से भरी बोरी मिली, पुलिस ने तत्काल एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है, और स्कूटी के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिक की पहचान कर ली गई है। पुलिस का मानना है कि यह गिरोह बड़े स्तर पर अवैध नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त हो सकता है।

# सीईओ जिला पंचायत ने त्योंथर में की जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा



**रीवा ।** जिला पंचायत रीवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने गत दिवस जनपद पंचायत त्योंथर में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत त्योंथर, परियोजना अधिकारी मनरेगा, सहायक यंत्री मनरेगा, उपयंत्री, एपीओ, एएओ, ग्राम पंचायत के सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खेत तालाब, डगवेल रिचार्ज, मनरेगा में श्रम नियोजन के कार्यो में प्रगति लाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे, जियो टैग, आवास पूर्णता एवं मजदूरों की मजदूरी का भुगतान समय सीमा में कराएं। सभी ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक समग्र आईडी में ई केवाईसी कार्य अभियान चलाकर शीघ्र पूरा करें।

बॉक्सअनुपस्थितों को नोटिस जारी सीईओ जिला पंचायत ने समीक्षा बैठक से अनुपस्थित जनपद पंचायत त्योंथर के ग्राम पंचायत सचिवों तथा ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक से अनुपस्थित ग्राम पंचायत सचिव कोरावं प्रभाकर दुबे, सचिव बारीकला श्यामाचरण मिश्र, सचिव मांगी मनोज शुक्ल, सचिव अतरैला-11 मोहितलाल कोल, सचिव गढ़ी देवेन्द्र तिवारी, सचिव रजहा अमर सिंह, सचिव सूती अरविन्द सिंह सूती तथा ग्राम पंचायत सचिव अमिलकोनी रामचन्द्र द्विवेदी को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक से अनुपस्थित ग्राम रोजगार सहायक नौवास्ता श्रीमती उमा पाण्डेय, किरण तिवारी ऊँचीऔनी, किरण मिश्रा बाजरा, पंकज विश्वकर्मा घुमा, वीरेन्द गौतम कोनीखुर्द, सुशील गौतम अमिलिया, मनोज मुड़हा खाम्हा, मारुती नंदन तिवारी पुरवा मनीराम एवं ग्राम रोजगार सहायक कोरांव गणेश मिश्र को सेवा समाप्ति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।